# डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
## DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
(Formerly UP Technical University)
सेक्टर–11, जनकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031—— Sector-11, Jankipuram Extionsion Yojna , Lucknow

पत्रांकः ए0के0टी0यू0/कुस0का0/व्य0अ0/2024/3148        दिनांक : 16-07-2024

सेवा में,

अध्यक्ष/निदेशक
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
उ0प्र0 से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषय : संस्थान परिसर में वृक्षारोपण महाभियान वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत 36.50 करोड़ पौधा–रोपण कराये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3 के पत्रांक सं0 I/691820/2024 दिनांक 15 जुलाई 2024, विश्वविद्यालय के पत्रांक : ए0के0टी0यू0/कुस0का0/व्य0अ0/2024/3046 दिनांक : 11 जुलाई, 2024 एवं ए0के0टी0यू0/कुस0का0/व्य0अ0/2024/3043 दिनांक : 10 जुलाई, 2024 एवं शासन के पत्रांक का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के सम्बन्ध में अवगत् कराना है कि वर्ष 2024–25 में वृक्षा रोपण महाभियान के अर्न्तगत् अपने–अपने संस्थान में अनिवार्य रूप से पौधा रोपण कराते हुए निम्नवत् दिशा–निर्देशों के अनुसार वृक्षा रोपण महाभियान वर्ष 2024–25 का हिस्सा बनें।

1. पौधा रोपण अभियान के अन्तर्गत् अपने–अपने संस्थान परिसर में अधिक से अधिक संख्या में पौधा रोपण अनिवार्य रूप से कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. शासन द्वारा दिये गये निर्देश के कम में दिनांक 20 जुलाई, 2024 को एक ही दिन पौधे रोपित करना सुनिश्चित कराकर वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत **"एक पेड़ माँ के नाम"** लगाए जाने के सम्बन्ध में वृहद स्तर पर आरम्भ अभिनव अभियान में विद्यार्थियों को प्रतिभाग अवश्य करायें।
3. सभी संस्थानों के द्वारा उपरोक्त पत्र के अनुसार दिए गए फार्मेट व दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रति संस्थान इंजीनियरिंग 600 पौधे एवं फार्मेसी 400 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तद्क्रम में पौधारोपण कर सम्बंधित प्रारूप में (गूगल शीट) पर सम्पूर्ण विवरण अपलोड किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी संस्थान उपरोक्त पत्रों के अनुरूप पौधा रोपण का शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य एवं दिशा–निर्देशों के अनुरूप लेखा–जोखा का रजिस्टर में विवरण अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में सभी संस्थानों से अनुरोध है कि बिन्दु 1 से 4 तक दिए गए वृक्षा रोपण से सम्बन्धित बिन्दुओं में दिए गए निर्देशों के क्रम में व उक्त अभियान में विद्यार्थीयों/शिक्षण/शिक्षणेत्तर अधिकारियों/कर्मचारियों एवं समीप रहने वाले ग्राम वासियों/कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए दिशा–निर्देशों के अनुरूप वृक्षारोपण करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या/अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का कष्ट करें ।

**संलग्नक : यथोक्त**

भवदीय

(रीना सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. उप सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव/नोडल ऑफिसर ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. स्टॉफ ऑफिसर ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

अनुसमारक-II

महतवपूर्ण/समयबद्ध

संख्या-

प्रेषक,

चिरौंजी लाल,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, उ0प्र0 लखनऊ।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक
विषय- वर्ष 2024-25 में 36.50 करोड पौधारोपण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-CS 6/16-3-2024, दिनांक 03-06-2024 एवं पत्र संख्या-16-3099/44/2020, दिनांक 10-07-2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु 35.00 करोड़ पौधों के रोपण के संबंध में निर्गत दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत प्राविधिक शिक्षा विभाग हेतु निर्धारित 5.06 लाख पौधों के सापेक्ष डिप्लोमा/डिग्री सेक्टर हेतु 2.53 लाख पौधे रोपित करना सुनिश्चित कराकर निर्धारित प्रारूप-1(घ) पर कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति/सूचना उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी।

2- अवगत कराना है कि कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी, उ0प्र0 के पत्र संख्या-पी-61/36-पी-23-ए, 11-07-2024 (संलग्न पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-5 का पत्र संख्या-361/81-5-2024, दिनांक 11-07-2024) द्वारा शासनादेश दिनांक 24-05-2024 द्वारा निर्धारित पौधारोपण के लक्ष्य को संशोधित करते हुये प्रदेश में वर्ष 2024-25 हेतु 36.50 करोड़ पौधारोपण का विभागवार एवं जनपदवार लक्ष्य निर्धारित किये गये है, जिसमें प्राविधिक शिक्षा विभाग हेतु 8.06 लाख पौध का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

3- अत: उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्ष 2024-25 हेतु36.50 करोड़ पौधों के रोपण के संबंध में निर्गत दिशा-निर्देशो के अन्तर्गत प्राविधिक शिक्षा विभाग हेतु निर्धारित 8.06 लाख पौधों के सापेक्ष डिप्लोमा सेक्टर हेतु 3.00 लाख पौधे तथा 2.00 लाख पौधे डिग्री सेक्टर हेतु निम्न तालिकानुसार दिनांक 20-07-2024 को एक ही दिन रोपित करना सुनिश्चित कराकर निर्धारित प्रारूप-1(घ) पर कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति/सूचना से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें:-

| क्रमांक | संस्थान का नाम | वृक्षारोपण हेतु पूर्व निर्धारित लक्ष्य | वृक्षारोपण हेतु संशोधित लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर | 1.28 लाख | 3.00 लाख |
| | प्राविधिक शिक्षा निदेशालय को आवटित लक्ष्य 3.00 लाख के सापेक्ष डिप्लोमा सेक्टर के विभिन्न क्षेत्रों के मध्य निर्धारित लक्ष्य निम्नवत् है:- | | |
| | | मध्य क्षेत्र | 80 हजार |
| | | पूर्वी क्षेत्र | 80 हजार |
| | | पश्चिमी क्षेत्र | 80 हजार |
| | | बुन्देलखण्ड | 60 हजार |

पत्रावलि कार्यवाही

Sri Harish ji

15/07/24

| क्रमांक | संस्थान का नाम | वृक्षारोपण हेतु पूर्व निर्धारित लक्ष्य | वृक्षारोपण हेतु संशोधित लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | ए0के0टी0यू0, उ0प्र0 लखनऊ | 1.25 लाख | 2.00 लाख |
| | वृक्षारोपण 2024-25 के संबध में संशोधित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु ए0के0टी0यू0, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अपने स्तर से अपने से सम्बद्ध संस्थानों के मध्य लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण करायें। | | |

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

(चिरौंजी लाल)
उप सचिव।

Signed by
Chiraunji Lal
Date: 15-07-2024 11:43:05

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 को कार्यालय के पत्र संख्या-CS 6/16-3-5-2024, दिनांक 03-06-2024 एवं पत्र संख्या-16-3099/44/2020, दिनांक 10-07-2024 तथा कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी, उ0प्र0 के पत्र संख्या-पी-61/36-पी-23-ए, 11-07-2024 (संलग्न पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-5 का पत्र संख्या-361/81-5-2024, दिनांक 11-07-2024) के संदर्भ में इस आशय से प्रेषित कि वर्ष 2024-25 हेतु 36.50 करोड़ पौधों के रोपण के संबंध में निर्गत दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत प्राविधिक शिक्षा विभाग हेतु निर्धारित 8.06 लाख पौधों के सापेक्ष डिग्री सेक्टर हेतु निर्धारित 2.00 लाख पौधे दिनांक 20-07-2024 को एक ही दिन रोपित करना सुनिश्चित कराकर निर्धारित प्रारूप-1(घ) पर कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति/सूचना से कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(चिरौंजी लाल)
उप सचिव।

## वृक्षारोपण अभियान 2024

### वृक्षारोपण कार्य योजना (प्राविधिक शिक्षा विभाग )

1. विभाग का नाम : उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नॉलजी इंस्टिट्यूट, कानपुर
2. वृक्षारोपण स्थलों की कुल संख्या (स्थल सूची संलग्न करें)
3. सूची का सारांश:

(अ) प्रजातिवार विवरण

| वृक्षारोपण लक्ष्य (पौध संख्या) | चयनित विद्यालयों /संस्थाओं की संख्या | छायानित वृक्षारोपण स्थलों की संख्या | | रोपित किए जाने वाली प्रजातियों के नाम व संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विद्यालय परिसर | अन्य | प्रजाति | संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 100 | 01 | 01 | शून्य | आम | 20 |
| | | | | नीम | 20 |
| | | | | अर्जुन | 20 |
| | | | | गुलमोहर | 20 |
| | | | | जामुन | 20 |

(ब) भूमि के स्वामित्व के अनुसार विवरण

| वृक्षारोपण लक्ष्य (पौध संख्या) | निजी भूमि में वृक्षारोपण किए जाने वाले पौधों की संख्या | सामुदायिक भूमि में वृक्षारोपण किए जाने वाले पौधों की संख्या | राजकीय भूमि में वृक्षारोपण किए जाने वाले पौधों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 100 | शून्य | शून्य | 100 |

4. पौध आपूर्ति का श्रोत (पौध संख्या सहित)

| श्रोत | वन विभाग | उद्यान विभाग | अन्य/निजी | योग |
|---|---|---|---|---|
| पौध संख्या | 30 | शून्य | 70 | 100 |

5. वृक्षारोपण कार्य हेतु जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी किया नाम, मोबाईल नंबर, e मेल :

जनपद स्तर पर अभी ज्ञात नहीं है।

(डॉ जी नलनकिल्ली)
निदेशक